### राजधानी में दुर्गा पूजा की तैयारी ज़ोरों पर

# बन रहे हैं काल्पनिक और आकर्षक पंडाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची के विभिन्न पंडालों में कई एक प्रकार की कारीगरी देखने को मिलती है जिसके आकर्षण में लोगों की भीड़ टूट पड़ती है । दुर्गा पूजा नजदीक है पंडाल निर्माण कार्य में कहीं माता रानी के पंडाल को पुआल से आकर्षक बनाया जा रहा तो कहीं अयोध्या रूपी पंडाल का निर्माण हो रहा तो कहीं दशाश्वमेध घाट के रूप में पंडाल को आकर्षक बनाया जा रहा है। कुछ जगहों पर पंडाल बनाने में अड़चनों का भी सामना करना पड़ रहा है।

## आरंभ ही अंत है चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की है थीम



चंद्रशेखर आज़ाद दुर्गा पूजा समिति के द्वारा राजधानी की हृदयस्थली कहे जाने वाले सर्जना चौक पर पंडाल का निर्माण किया जाता है। विगत कई वर्षों से समिति के द्वारा कई तरह के आकर्षक पंडालों का निर्माण होता आया है। चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने बतलाया कि विगत कई वर्षों से भी आकर्षक और मनोरम दुर्गा उत्सव की प्रस्तुति इस बार होगी जैसा चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल अवलोकन करते आए हैं। बीते साल समिति के द्वारा गंगा घाट रूपी पंडाल बनाया गया था, इसी कड़ी में इस वर्ष चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल की थीम आरंभ ही अंत है। इस साल क्लब के द्वारा काशी विश्वनाथ के दशाश्वमेध घाट का भव्य नजारा देखने को मिलेगा। इसके अलावा साधु संत भी अलग अलग मुद्रा में आसन करते नजर आएंगे। पंडाल को और भी आकर्षक बनाने के लिए पंडाल के अंदर रंग बिरंगी बल्बों का इस्तेमाल किया जा रहा जिससे पंडाल का दृश्य और भी खूबसूरत और आकर्षक होगा ।

### प्रतिमा और पंडाल में क्या होगा खास

**पिछले बार काल्पनिक, बनारस अस्सी घाट की गंगा आरती को दर्शाया गया था, इस वर्ष आरंभ ही अंत है के थीम के साथ दशाश्वमेध रुपी भव्य पंडाल का निर्माण हो रहा है। जिसकी लंबाई 100 फीट , चौड़ाई 75 फ़ीट और ऊंचाई 64 फ़ीट की होगी। पंडाल के अंदर और बाहर सिलीकोन से बनी प्रतिमाएं होगी । माता रानी की प्रतिमा को सिलिकॉन से बनाया जा रहा ह। प्रतिमा की ऊंचाई 15 फीट की होगी। प्रतिमा का निर्माण कार्य बंगाल के कारीगरों द्वारा किया जा रहा है।**

## राजस्थान मित्र मंडल 13 टन पुआल से बना रहा मां दुर्गा का भव्य पंडाल



अपर बाजार स्थित बड़ा तालाब के पास राजस्थान मित्र मंडल पुआल से कारीगरी पेश की जा रही है। ज्ञात हो वर्ष राजस्थान मित्र मंडल के द्वारा काजू से की गई थी जो की भक्तों के आकर्षण के केंद्र 2024 में पुआल पंडाल भक्तों के का केंद्र बनने वाला समिति के अध्यक्ष पुरोहित ने बताया कि कार्य जोरों पर है। बनाने की शुरुआत से बंगाल के इस्ट जिले के तपन दास उनके अन्य 23 द्वारा कर दी गई थी। मिदनापुर और सिलीगुड़ी की 7 महिलाओं सहित 23 कारीगर दिन रात पंडाल निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। फलस्वरूप पंडाल को पुआल की रस्सी के इस्तेमाल से गोलाकार रूप मिल चुका है। पंडाल के साथ साथ माता रानी की भव्य प्रतिमा का भी काम शुरू हो चुका हैं। प्रतिमा को पिस्कामोड रांची के मूर्तिकार पिंटू के द्वारा बनाया जा रहा है।

**क्या कहते हैं कारीगर**

**कारीगर तपन दास ने बताया पंडाल को बनाने के लिए कारीगरों में भी काफी उत्साह था, जो कार्य के दौरान नजर भी आ रही जिस लगन से पंडाल का कार्य सभी लोग कर रहे हैं।**

**प्रतिमा और पंडाल में क्या होगा खास**

पंडाल को 13 टन पुआल से गोलाकार रूप दिया जा रहा है। पंडाल के बाहर राम भक्ति में लीन बजरंगबली नजर आयेंगे। जहां मां दुर्गा विराजमान होंगी वहां चित्रकारी के जरिए श्री कृष्ण लीला का दृश्य दिखाया जायेगा, जो को झारखंडवासियों के लिए अद्भुत दृश्य होगा। पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा 15 फीट ऊंची और 14 फीट चौड़ी होगी। माता की प्रतिमा को सोने से जड़े आभूषणों से सजाया जाएगा साथ ही माता रानी के लिए कोलकाता से विशेष वस्त्र पोषाक मंगाए गए हैं। पंडाल की चौड़ाई 35 फीट, ऊंचाई 35 फीट, और लंबाई 40 फीट है।

## पुराने विस मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण में अड़चन



रांची के पुराने विधानसभा मैदान में दुर्गा पूजा पंडाल के निर्माण को पुलिस द्वारा फिर से रोक दिया गया। प्रतिवर्ष की तरह ही इस वर्ष भी श्री रामलला पूजा समिति के द्वारा दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण किया जा रहा था जिसमें अड़चनें आ रही हैं, बीते शनिवार को भी पुलिस के द्वारा निर्माण कार्य रोका गया था जिस पर श्री राम लला पूजा समिति के अध्यक्ष और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बयान दिया था 'कोई माई का लाल इस पूजा को रोक नहीं सकता' जिसके 24 घंटे बाद फिर से निर्माण कार्य रोका गया। पुलिस का कहना है पंडाल निर्माण के लिए आवश्यक अनुमति नहीं ली गई है। वहीं पुराने विधानसभा मैदान में करीबन एक दर्जन पुलिस कर्मी तैनात हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक श्रीराम लला पूजा समिति द्वारा बिना अनुमति पंडाल निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता है।

**पंडाल में क्या होगा खास**

**इस वर्ष पुराने विधानसभा परिसर में पहली बार 98 लाख की लागत से भव्य पंडाल बनाया जा रहा है जो अयोध्या धाम के श्री राम लला के मंदिर के प्रारूप में विकसित होगा।**

### श्रीरामलला पूजा समिति के लिए डीसी एवं सदर एसडीओ से ली जाएगी अनुमति

रांची। पुरानी विधानसभा में श्रीरामलला पूजा समिति द्वारा बनाए जा रहे दुर्गा पूजा पंडाल विवादों में है। इसे लेकर रविवार को जिला दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक में तय हुआ कि रांची के उपायुक्त एवं सदर अनुमंडलाधिकारी (एसडीओ) से मिलकर श्रीरामलला पूजा समिति के लिए अनुमति ली जाएगी। सभी पूजा समिति ने एकजुट होकर कहा कि श्रीरामलला दुर्गा पूजा समिति की दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होगी। झारखंड में शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न हो, इसके लिए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलने का भी निर्णय लिया गया। मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रांची में भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। लाखों श्रद्धालु मां भवानी के दर्शन करेंगे। बैठक में दुर्गा पूजा समिति के कई सदस्य मौजूद थे।

### सेवा भारती की पत्रिका सेवा सुरभि के रजत जयंती विशेषांक का हुआ लोकार्पण

# युग परिवर्तन एक शाश्वत प्रक्रिया : सांसद



नवीन मेल संवाददाता। रांची

- युग परिवर्तन के महत्वपूर्ण काल से गुजर रहे हैं : महावीर बजाज
- पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय को सम्मानित किया गया

सेवा भारती पत्रिका सेवा सुरभि के रजत जयंती के अवसर पर विशेषांक युग परिवर्तन की ओर का लोकार्पण किया गया। इसका लोकार्पण केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। कार्यक्रम का आयोजन गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में किया गया था। मौके पर संजय सेठ ने कहा कि युग परिवर्तन एक शाश्वत और निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। हम प्रकृति में सतत परिवर्तन देखते हैं। हमारा देश प्रगति के पायदान पर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हर आंगन में खुशहाली ही सच्चा परिवर्तन है। सरकार के साथ-साथ आज सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न सेवा कार्यों द्वारा सेवा बस्ती व सुदूर ग्रामों में सामाजिक नवजागृति ला रही है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बड़ा बाजार कुमार सभा पुस्तकालय, कोलकाता के अध्यक्ष महावीर प्रसाद बजाज ने कहा कि हम युग परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण काल से गुजर रहे हैं। युग परिवर्तन की इस वेला में मिल के हमें साथ चलना है। आज परिवर्तन विचार से उचार और उचार से अचार की आवश्यकता है। विगत 25 वर्षों से जन-जन तक सत्य और अध्यात्म को पहुंचाने का महान कार्य कर रही है सेवा सुरभि पत्रिका। सेवा भारती के प्रांतीय सचिव ऋषि पांडेय ने बताया कि विगत 26 वर्षों से वंचित, उपेक्षित, अभावग्रस्त समाज के बीच संस्कारित शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन और सामाजिक संस्कार के विभिन्न सेवा आयाम चल रहे हैं, जिसमें 583 स्थानों पर 1688 सेवा कार्यों का नियमित संचालन हो रहा है। सेवा भारती के सेवा कार्यों के माध्यम से बस्ती में परिवर्तन हो रहे है। मौके पर पुरातत्वविद् व साहित्यकार डॉ हरेंद्र सिन्हा ने सेवा सुरभि पत्रिका के 25 वर्षों की यात्रा वृतांत बताते हुए कहा कि विगत 2002 से सेवा सुरभि पत्रिका का विशेषांक समसामयिक विषयों पर प्रकाशित हो रहा है। इन अंकों में देश के विद्वतजनों के आलेख, कहानी रहते हैं। यह पत्रिका पाठकों के लिए संग्रणीय के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए शोध का भी विषय रहता है। मौके पर संजय सेठ ने पत्रिका की संपादक डॉ सुष्मिता पांडेय को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के संरक्षक व प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ एचपी नारायण ने भी संबोधित किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा ने किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद क्षेत्र संघचालक देवव्रत पहान, प्रांत सह संघचालक अशोक श्रीवास्तव,पवन मंत्री, वीएन पांडेय, पवन बजाज, श्रवण जाजोदिया, भारत सेवा आश्रम संघ के सचिव स्वामी भूतेशानंद, स्वामी गोरानंद गिरी, उमाशंकर शर्मा, ओमप्रकाश केजरीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अभिजीत घोष, चंद्रकांत रायपत, अयोध्या नाथ मिश्र, नंदलाल साहू, सोनी मेहता, लायंस क्लब, रांची महिला समिति के अध्यक्ष देवजानी भट्टाचार्य, पवन जायसवाल, गुरविंदर सिंह सेठी, आरएस अग्रवाल, दीपक कुमार, देवेंद्र स्वामी, अशोक गाड़ोदिया, शुभेंदु भट्ट, विनय गांगुली, संजीव विजयवर्गीय सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## राज्य के कुछ हिस्सों में आज और कल अच्छी बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता। रांची

राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में शनिवार से शुरू हुई बारिश रविवार को भी जारी रही। दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। हवा की गति तेज होने से लोग ठंड भी महसूस करने लगे हैं। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। वहीं, निचले इलाकों में पानी जमा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में घुटना भर पानी जमा होने से महिलाओं और बच्चों को आने-जाने में दिक्कत हुई। मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना लो प्रेशर 16 सितंबर से असर कम हो सकता है। इसके बावजूद राज्य के कुछ हिस्सों में 16 और 17 सितंबर को अच्छी खासी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर इन जिलों के लिए विशेष चेतावनी भी जारी की है। इन जिलों में हवा की गति 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है।

### साहिबगंज में हुई झासा एवं आईएमए की बैठक

**रांची/साहिबगंज।** साहिबगंज में झासा एवं आईएमए की संयुक्त बैठक रविवार को हुई। इसमें उपायुक्त द्वारा सिविल सर्जन का वेतन अवरुद्ध करना, उपाधीक्षक एवं दो अन्य चिकित्सकों पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा करना एवं एक चिकित्सक पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा करना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 एवं 17 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### चुनावी चर्चा आधा सच आधा फसाना

## भाजपा अपने सहयोगियों को दे सकती है 15 सीटें

**सुदेश सिल्ली से भी सुरक्षित सीट की तलाश में**

रजनीश

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन चुनावी बिसात बिछ गए हैं । राजनीति के गलियारों में कई कयास लगाए जा रहे है, वहीं चौक चौराहों और चाय दुकानों में झारखंड की राजनीति की चर्चा भी हो रही है। इन्हीं चर्चाओं के बीच राजनीतिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एनडीए की सहयोगी पार्टियों को 81 में से 15 सीट ही देना चाहती है। जिसमें से आजसू ने 12 सीटों की मांग की है, लेकिन भाजपा उसे 5-6 या अधिक से अधिक 9 सीट ही देगी। जेडीयू को अधिक से अधिक 3 सीट मिलने की संभावना है। इसके अलावे एलजेपी को 1, जीतन राम मांझी की हम पार्टी को 1 और अजीत गुट के एनसीपी को 1 मिल सकती है। आजसू पार्टी ने सिल्ली, रामगढ़, मांडु, बडकागांव, गोमिया, ईचागढ़, डुमरी, टुंडी, जामताड़ा, चंदनकियारी जैसी सीटों पर दावेदारी की है। मांडु, देवघर, जमशेदपुर पूर्वी या जमशेदपुर पश्चिमी और बडकागांव इनमें से किन्हीं तीन सीटें जेडीयू के खाते में जा सकती हैं । चतरा सीट जीतन राम मांझी की हम पार्टी के खाते में, जमुआ सीट एलजेपी के खाते में और हुसैनावाद सीट एनसीपी अजीत गुट के खाते में जा सकती है।

### पैरा थ्रो बॉल टूर्नामेंट 22 से रांची में

**रांची।** तीसरे पैरा थ्रो बॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड, रांची के तत्वावधान में रांची में 22 से 23 सितंबर तक हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम, खेलगांव में किया जाएगा। इसमें 10 राज्यों की 20 टीमें (10 पुरुष, 10 महिला) भाग लेंगी। इसमें मेजबान झारखड के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, राजस्थान, उत्तराखंड, तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर की टीम शामिल हैं। संस्था के अध्यक्ष राहुल मेहता ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिव्यांग खिलाड़ी भी सामान्य खिलाड़ियों के भांति अच्छे प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। इस वर्ष झारखंड के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है।

## काव्य संग्रह मनरंगना का लोकार्पण



नवीन मेल संवाददाता। रांची

शब्दकार साहित्यिक समूह ने रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में नंदा पांडेय के द्वितीय काव्य संग्रह मनरंगना का लोकार्पण किया गया । अध्यक्षता करते वरिष्ठ साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी ने कहा कि कविताओं में स्त्री-मन के समर्पण और वैशिष्ट्य का दिखाई देता है । शब्दकार की अध्यक्ष रश्मि शर्मा ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मनरंगना स्त्री मन की बात करती है । रचना के बारे में नंदा पांडेय ने कहा कि बतौर स्त्री, जीवन के विभिन्न रंगों को शब्दों के माध्यम से रखने की कोशिश की है । रणेन्द्र ने नंदा पांडेय की कविताओं के बारे में कहा कि मनरंगना की कविताओं में प्रेम के माध्यम से स्त्री जीवन के भीतर की खुशबू और विद्रोह की आँच दिखाई देती है। वरिष्ठ साहित्यकार माया प्रसाद ने कहा कि कविताएं खारे आंसू का मीठा सच है, स्त्री जीवन का कड़वा सच है । मुख्य अतिथि नरेन्द्र पुंडरीक ने कहा कि कविताएं बहुत ही सहज तरीके से स्त्री की मुक्ति की बात करती हैं । कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संगीता कुजारा टॉक, प्रमोद झा, राकेश कुमार सिंह, नीरज नीर, प्रवीण परिमल, चंद्रिका ठाकुर , सत्या शर्मा, मुक्ति शाहदेव उपस्थित थे ।

## न्यूज बॉक्स

### प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन आज से रांची में

**रांची।** प्रांतीय अधिवक्ता सम्मेलन का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में 16 सितंबर को होगा। इस राज्यस्तरीय एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन अधिवक्ता परिषद झारखंड कर रही है। यह जानकारी अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार मिश्र ने दी। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि पूरा कार्यक्रम तीन सत्रों में होगा। यह प्रातः 10:30 से शाम 4:30 बजे तक चलेगा। इस सम्मेलन में पूरे राज्य से लगभग 750 अधिवक्ता शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र कृष्णा, अध्यक्ष झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद होंगे। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रौशन होंगे। राजेंद्र मिश्र ने बताया कि अतिथि के रूप में दीपेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद सह अपर महाधिवक्ता मध्य प्रदेश उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन मिश्रा उपस्थिति रहेंगे। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री श्रीहरि बोरेकर भी मौजूद रहेंगे। वहीं अधिवक्ता परिषद के क्षेत्रीय संयोजक सुनील कुमार भी उपस्थित रहेंगे। प्रख्यात समाज सेवी राकेश लाल अंतिम सत्र के नागरिक कर्तव्य विषय के मुख्यवक्ता के रूप में विशेष उपस्थिति रहेंगे। इस विशेष सम्मेलन एवं स्थापना दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन करने के समितियों का भी गठन किया गया है।

### बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में लगी अदालत, एक बंदी रिहा



**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) ने होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने इसकी अध्यक्षता की। जेल अदालत के लिए आठ बंदियों का आवेदन समर्पित किए गए थे। वादों का निष्पादन करते हुए एक बंदी को दोष स्वीकार के बाद जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा से मुक्त किया गया।इस अवसर पर न्यायिक दंडाधिकारी, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी अधिवक्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गौसेवा

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने हरमू रोड गौशाला में रविवार को ग्यारस के उपलक्ष्य में गौसेवा की। ये सेवा प्रीति अग्रवाल द्वारा करवाई गई। ज्ञात हो कि रांची समर्पण शाखा द्वारा हर एकादशी को निरंतर गौसेवा की जा रही है।

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि रांची समर्पण शाखा ने आज हरमू रोड गौशाला में ग्यारस के उपलक्ष्य में गौ सेवा करवाई है। आज की सेवा में गौमाता को गुड़, पांच किलो चोकर, 10 किलो खीरा 10, 50 किलो कूट्टी 50 और 10 किलो पता गोभी खिलायया गया। गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौ सेवा की सारी तैयारियां सुचारू रूप से की। कार्यक्रम में अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, शुभा अग्रवाल, रितु पोद्दार, आशा संथोलिया, प्रीति अग्रवाल मौजूद थीं।

## ब्रह्मांड के निर्माता हैं भगवान विश्वकर्मा : संजय सर्राफ

नवीन मेल संवाददाता। रांची



**दुनिया के पहले इंजीनियर एवं वास्तुकार हैं**

**विश्वकर्मा पूजा कल**


विश्व हिंदू परिषद (विहिप) सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि भगवान विश्वकर्मा पूजा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 17 सितंबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। विश्वकर्मा पूजा को विश्वकर्मा जयंती के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू सनातन धर्म का यह एक महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने कहा कि धर्म ग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी का वंशज माना गया है। ब्रह्मा जी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे, जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तु देव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तु कला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी,और देवज्ञ उनके पुत्र है। इन पांचों पुत्र को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है। विश्वकर्मा शिल्प शास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेष्ठ ज्ञाता माने जाते हैं। संजय सर्राफ ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्यौहार है, जिसे शिल्पकार कारीगर,श्रमिक एवं सभी लोग मानते हैं। यह पर्व ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार और निर्माता भगवान विश्वकर्मा को समर्पित होता है। विश्वकर्मा एक ऐसे देवता हैं, जिन्होंने स्वर्ग और यहां तक की देवताओं के कुछ सबसे बड़े महलों का निर्माण किया। उन्हें कारीगरों शिल्पकारों और इंजीनियरों का देवता के रूप में भी पूजा जाता है। उन्हें सृष्टि का पहला इंजीनियर भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा जो भी कोई व्यक्ति करता है, उसका घर, दुकान, कारोबार, सभी उन्नति करते हैं। विश्वकर्मा पूजा के दिन सच्चे मन से दान करने से अच्छे कर्म बढ़ते हैं और समृद्धि, सफलता और खुशी मिलती है। विश्वकर्मा पूजा पर विशिष्ट वस्तुओं का दान करके भक्त विश्वकर्मा के साथ एक सानिध्य स्थापित करते हैं और विकास के साथ प्रचुरता के लिए दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है दुनिया का निर्माता यानी दुनिया का निर्माण करने वाले, इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहले इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है।

### सरकार की खोखली नीतियों को सामने लाएंगे : याज्ञवल्क्य

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय स्थित दीक्षांत मंडप में रविवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से छात्र गर्जना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद एक्का, प्रदेश मंत्री सौरभ झा सहित सभी प्रदेश सह मंत्री ने एक साथ मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि यह लड़ाई झारखंड की इज्जत और आबरू को बचाने की है। यह लड़ाई बहन-बेटियों की सम्मान की है। यह लड़ाई नौजवानों के रोजगार के लिए है और इस लड़ाई को लड़ने का काम परिषद का एक-एक कार्यकर्ता करेगा। इस शासन काल में युवा खफा हैं, क्योंकि हेमंत सरकार बेवफा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार यह युवाओं का सैलाब आपसे हिसाब मांगने आई है।

## वामन भगवान के प्राकट्य महोत्सव पर हुई उद्यास्तमन सेवा

नवीन मेल संवाददाता। रांची



श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में रविवार को श्रवण नक्षत्र युता वामन दादशी पर वामनावतार महोत्सव के उपलक्ष्य में महानुष्ठान का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि भाद्रपद शुक्लपक्ष द्वादशी तिथि को श्रवण नक्षत्र से संयुक्त बेला में भगवान श्रीमन्नारायण ने श्रीहरि देवों की माता अदिति के गर्भ से वामन (वौने) रूप में अवत्तार लिया था। वाल्मीकी रामायण के अनुसार श्रीवामन भगवान का प्राकट्य बिहार प्रांत के बक्सर में हुआ था। बक्सर का पौराणिक नाम वामनाश्रम, सिद्धाश्रम आदि है। आज श्रीवामन भगवान की जयंती पूरे वैदिक विधि के साथ श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में उद्यास्तमन सेवा कर मनाई गई। इस पुण्य अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आज के उद्यास्तमन सेवा के यजमान महावीर प्रसाद नारसरिया, पत्नी निर्मला नारसरिया रांची, जबकि तिरुमंजन अनुष्ठान के यजमान रमेश कुमार धरनीधरका व उनकी पत्नी शशि धरनीधरका रांची थे। गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर दिनभर के अनुष्ठान को रात्रि शयन आरती के साथ संपन्न कराया। इस अवसर पर जगमोहन नारसरिया, प्रदीप नारसरिया, अनूप अग्रवाल, रंजन सिंह, प्रभाष मितल, सुनील यादव आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### भाकपा माओवादी के स्थापना सप्ताह को ले अलर्ट जारी

**रांची।** भाकपा माओवादी 21 से 28 सितंबर तक स्थापना सप्ताह मनाएंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रविवार को जिले के एसपी को अलर्ट किया है। राज्य के वैसे जिले, जहां नक्सलियों का प्रभाव ज्यादा है, वहां विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के लिहाज से सभी सुरक्षा कैंपों को विशेष अलर्ट पर रखा जाए। साथ ही वहां तैनात कर्मियों को भी सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए गए हैं। सीआरपीएफ, एसएसबी, जैप, आईआरबी समेत सभी सुरक्षाबलों को भी संभावित नक्सली हमलों को लेकर जानकारी देने का निर्देश जिलों के एसपी को दिया गया है।

### ग्रामीण ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या

**खूंटी।** मुरहू के सोमवार बाजार बगीचा टोली निवासी जय मसीह होरो नामक 43 वर्षीय ग्रामीण ने रविवार को फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना रविवार सुबह मुरहू थाना की पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद शव को सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया।


### बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार रांची पहुंचे, नेताओं से की बात

**रांची।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार रविवार को रेल मार्ग से पटना से रांची पहुंचे। रांची रेलवे स्टेशन पर पार्टी के नेता डॉ आफताब जमिल, श्रवण कुमार, सागर कुमार, मनोज सिन्हा, विनय भरत, अशोक शर्मा और अन्य ने उनका स्वागत किया। श्रवण कुमार ने राजकीय अतिथिशाला में पार्टी के पदाधिकारियों से मुलाकात की और फिर सड़क मार्ग से जमशेदपुर रवाना हो गये। जमशेदपुर परिभ्रमण के दौरान उन्होंने जदयू विधायक सरयू राय से उनके निवास पर मुलाकात की। सरयू राय ने अपने निवास पर उनका स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई।

### वंदे भारत ट्रेन में महिला सुरक्षा के लिए खास इंतजाम : यात्री

**जमशेदपुर।** टाटा नगर से पटना के बीच शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन में पहले दिन सफर करने वाली यात्री जसविंदर कौर ने अपने यात्रा के अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं और शिक्षकों और बच्चों को यह अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहते हैं। वंदे भारत ट्रेन में यात्रा कर अब पटना साहिब जाएंगे। अब इस ट्रेन के माध्यम से पटना साहिब गुरुद्वारा जाना बहुत आसान हो जाएगा।

# मालगो की मुख्य सड़क पर फेंका गोबर, ग्रामीणों में रोष



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लापुंग थाना क्षेत्र के मालगो गांव में कथित रूप से पीसीसी सड़क पर गोबर और कूड़ा कचड़ा को फेंके जाने तथा इसी मामले में दो पड़ोसियों के परिवार वालों के बीच हाथापाई हो गई। दोनों पक्षों में मामूली झड़प और गाली-गलौज का मामला लापुंग थाना तक जा पहुंचा। मालगो गांव के धनेश्वर साहू और ढेना साहू के परिवार के लोगों ने लापुंग थाना में लिखित शिकायत की है। हालांकि लापुंग थाना में रविवार की शाम तक कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ था। गांव के सूरज साहु ने अपने लिखित शिकायत में धनेश्वर साहु के ऊपर घर से पीछे पीसीसी सड़क पर गाय का गोबर और कचड़ा को फेकने से दुर्गन्ध के साथ पूरा सड़क पर कचड़ा फैलाने का आरोप लगाया है उसने लिखा है कि दुर्गन्ध से गांव में बीमारी फैलने की भी संभावना है। सूरज साहु के द्वारा कथित रूप से गोबर फेकने से मना करने पर धनेश्वर साहू व कर्मपाल साहू एवम उनका परिवार के लोगों ने मिलकर मारपीट की। सड़क गांव घुसने का मुख्य मार्ग है इस सड़क से रोज सैकड़ो लोगो का आना जाना लगा रहता है। इस कचड़ा को अविलंब हटवाने और उस पर उचित कारवाई करने की मांग किया। वहीं दूसरी ओर धनेश्वर साहू ने अपनी गलती महसुस किया और कहा कि कचड़ा फेका हूं तो उठवा कर खेत में ले जाऊंगा और आगे गोबर नहीं फेंकने की बात भी कही। वहीं गांव की मुखिया ने कहा कि गांव की सड़क को साफ सफाई रखना चाहिए न की गंदगी फैलाना चाहिए गांव में कचड़ा फेकने वाला दंड के भागीदार होंगे। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि दो परिवारों के बीच मामूली बात को लेकर झड़प हुई है। दोनों पक्ष राजी होंगे तो मामला भी दर्ज किया जाएगा।

**क्या कहते हैं धनेश्वर साहु**

धनेश्वर साहु ने कहा कि गोबर दशकों से फेंका जा रहा है इससे किसी को कभी कोई शिकायत नहीं हुई। आज अचानक क्या हो गया कि उसपर आरोप लगाकर उसी के साथ मारपीट की गई। लापुंग थाना को दोनों ओर से लिखित आवेदन दिया गया। एक पक्ष में मुखिया और ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर लापुंग थाना को दिया। लगभग तीन माह पूर्व से ही गोबर के सड़क पर फेंक रहा था।

# हाथियों के झुंड ने खेत में खड़ी फसलों को रौंदा



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**

चान्हो क्षेत्र के लुंडरी गांव में हाथियों का झुंड अहले सुबह से तांडव मचाता रहा लेकिन वन विभाग की नींद नहीं खुली। कई बार सोशल मिडिया के माध्यम से लुंडरी में पहुंची हाथियों का खबर मिलता रहा। कई गांव के लोग हाथी को देखने के लिए आये। लेकिन खबर लिखे जाने तक वन विभाग के कोई व्यक्ति सुध लेने नहीं पहुंचे। लगभग 18 से 20 हाथियो के झुंड ने कई एकड़ में लगी धान, मकई और अदरक के फसलों को रौंद दिया। इससे पहले ये हाथी का झुंड ओपा जंगल पर अपना डेरा बनाए हुए थे। लुंडरी के ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग किया है कि जांच कर जितने भी किसानों का फसल को हाथियों ने बर्बाद किया है। उसका उचित मुआवजा दिया जाए। जिनका फसल हाथियों ने रौंदा है उनमें हकीम अंसारी, बंधना उरांव, सोमा उरांव, हैदर अंसारी, कुर्बान अंसारी, हफीज अंसारी, अजमीर अंसारी, सरफुल अंसारी मकसुद अंसारी, लिटू उरांव और भी कई लोगों का खेत हो सकते हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### सड़क हादसे में दो लोग घायल



चान्हो। बीजूपाड़ा खलारी मुख्य पथ पर अंबाटांड़ के निकट रविवार की दोपहर 1:00 बजे हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र के चौड़ा गांव के 30 वर्षीय सीताराम उरांव और 31 वर्षीय छोटू राम अपनी ग्लैमर बाइक से सवार होकर अपने गांव से ताला गांव की ओर किसी परिचित से मिलने जा रहे थे। इसी बीच उक्त स्थान के निकट सामने से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे धक्का मार दिया। इस धक्के से मोटरसाइकिल सवार गिर कर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही चान्हो पुलिस ने तत्काल दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चान्हो पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सीताराम को रिम्स रेफर कर दिया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### सत्संग से पापी व्यक्ति भी सुधर जाता है : लक्ष्मण महाराज



**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम शांतिपुरी मुरहू में 15 दिवसीय ध्यानाभ्यास कार्यक्रम का समापन रविवार को धूमधाम से हो गया। स्तुति प्रार्थना और ग्रंथ पाठ के पश्चात प्रवचन कार्यक्रम में स्वामी लक्ष्मणजी महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है, इसके लिए देवता भी तरसते हैं, कारण सत्संग भक्ति ध्यान मानव तन से ही हो सकता है,जिसके माध्यम से मोक्ष की प्राप्ति, ईश्वर का दर्शन और आवागमन के चक्र से छुटकारा मिलता है। अतः सत्संग बड़े भाग्यशाली को ही मिलता है। बिना ईश्वर की कृपा सत्संग नहीं मिलता, और सत्संग के बिना विवेक नहीं आ सकता। उन्होंने कहा कि ध्यान योग से ही साधु -संत और मनुष्य अपने जीवन को सफल बनाते हैं। भक्ति में कोई जाति,उंच नींच या बड़ा छोटा नहीं होता। बुरा से बुरा पापी सत्संग से सुधर जाता है।डाकू लुटेरा अंगुली माल वाल्मीकि ऋषि बन जाता है। गुरु भक्ति, गुरु मंत्र और सत्संग ध्यान से सारे दुःख कष्ट समाप्त हो जाते हैं। भागलपुर के स्वामी परमानन्द जी महाराज ने कहा कि गुरु भक्ति, ईश्वर भक्ति पक्की होनी चाहिए, कारण कच्चे सरसों से तेल नहीं निकलता। हमें सत्संग रूपी जमीन में भक्ति रुपी बीज बोने चाहिए, तभी सुख शांति समृद्धि रूपी फसल मिलेगा। स्वामी राजेन्द्र महाराज ने कहा कि स्तुति प्रार्थना और उपासना करनी चाहिए, गुरु ईश्वर का गुणगान करना, सद्गुरु के समीप रहना और समर्पित होकर सत्संग ध्यान भक्ति करने से कोई कार्य दुर्गम या असंभव नहीं है।

### वंदे भारत में महिलाओं को मिला रोजगार, कर्मचारियों ने जताई खुशी

**रांची/जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से पटना के लिए रविवार को वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत की गई। इस ट्रेन में महिलाओं के रोजगार पर काफी जोर दिया गया है। कई महिलाओं को इस ट्रेन में रोजगार मिला है। वंदे भारत ट्रेन में कैटरिंग सर्विस में काम करने वाली महिला श्रान्या विश्वास ने ट्रेन चलने पर खुशी जताई और इसके लाभ गिनाए। श्रान्या विश्वास ने कहा कि इस ट्रेन के चलने से सभी को लाभ है। पहले हमें बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सबसे बड़ी दिक्कत शौचालय की थी। हम इस ट्रेन में सुरक्षित नौकरी कर रहे हैं, माहौल भी बहुत अच्छा है और शौचालय की समस्या भी अब खत्म हो गई है। ट्रेन में महिलाओं के काम करने के लिए बहुत अच्छा माहौल है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भविष्य में ऐसी और भी ट्रेन चलनी चाहिए, जिसमें महिलाओं को काम करने का मौका मिले। उन्होंने कहा, महिला सशक्तिकरण इस दिशा में यह एक बड़ा कदम है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने ऐसी ट्रेन शुरू की, जिसमें महिलाओं की भी भूमिका है। यह अच्छी ट्रेन है, अलग से कुर्सियां हैं, घूमने वाली सीट भी है। इस ट्रेन में शौचालय साफ-सुथरा है। ऑटोमेटिक दरवाजे हैं, खानपान अच्छा है, हर तरह की सुविधाएं हैं। कैटरिंग सेवा प्रदाता लोपा गुप्ता ने कहा कि यह एक अलग अनुभव है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इसमें काम करने का अवसर मिला है। हम इस ट्रेन में यात्रियों को अच्छी सुविधाएं दे पा रहे हैं। पहले यहां पुरुष कैटरिंग सुपरवाइजर और पुरुष कैटरिंग स्टाफ हुआ करते थे, लेकिन अब यह जिम्मेदारी हम महिलाओं पर है। इसलिए यह हमारे लिए एक अनूठा अनुभव है।

### कोई बीमार पड़ जाए तो डॉक्टर तक पहुंचना मुश्किल

# परेशान हैं पानी से घिरे शांति नगर और राधानगर के वासी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंडरा के शांति नगर और राधा नगर में जनता भूमाफिया से पीड़ित है। जनता की सुधि लेने वाला कोई नहीं है। इनके दुखों का वर्णन नहीं किया जा सकता। इनका दुःख वही समझ सकता है, जो बाढ़ कि विभीषिका का दंश झेला हो। राजधानी के पंडरा इलाके में स्थित पंचशील नगर के ठीक सामने के नाला पर दबंगों ने वर्षों से अतिक्रमण कर रखा है। गैरमजरुआ जमीन पर बने इस नाला पर दबंगों ने पक्का मकान-दुकान बना लिया है। जिस जमीन पर नाले के पानी का बहाव हो, उस जमीन का अतिक्रमण हो जाए, तो पानी का बहाव रुकेगा ही। पानी का बहाव रुकने से पानी का जमाव निचले इलाके में होना स्वाभाविक है। ऐसा ही जलजमाव शांतिनगर और राधा नगर में हो रहा है। ये इलाके चारों तरफ से पानी से घिर गए है। शांतिनगर और राधा नगर के घरों में बच्चे-बुजुर्ग सभी लोग रहते हैं। चारों तरफ से पानी से घिरे इस इलाके में अगर डॉक्टर की जरूरत पड़ जाती है, तो जान सांसत में आ जाती है। प्रशासन के किसी भी अधिकारी का इस ओर ध्यान नहीं है, सभी अपने वातानुकूलित कमरे में व्यस्त हैं।

### जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने टाटानगर पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाया हरी झंडी



**सल्ली/मुरी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के मुरी जंक्शन पर देश के प्रगति के लिए भारतीय रेलवे का निरंतर प्रयास के क्रम में 6 बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का रविवार को शुभारंभ किया गया, जिसमें से टाटानगर पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के मुरी पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों तथा रेलवे अधिकारियों के द्वारा ट्रेन के मुरी पहुंचने पर हरी झंडी दिखाकर पुनः रवाना किया गया। ट्रेन को रवाना करने से पूर्व कार्यक्रम को लेकर मुरी प्लेटफार्म संख्या दो पर स्टेज बनाया गया था जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था। क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीत और नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसका आए हुए आगंतुकों ने आनंद उठाया। रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल थाना के द्वारा स्टेशन परिसर में विधि व्यवस्था कायम रखने को लेकर चुस्त दुरुस्त दिखे। मौके पर रांची मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता कोऑर्डिनेशन, वरिष्ठ कार्मिक पदाधिकारी, मंडल एसीएम अनिल जेराई, हिंडालको के यूनिट हेड रोहित चौरसिया,मुरी सीसीआई एस रक्षित, मुख्य यार्ड मास्टर पी के साहू,जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, आरपीएफ का थाना प्रभारी संजीव कुमार, राजकीय रेल थाना के प्रभारी संतोष कुमार सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, सुशील महतो, मुखिया सीमा गोंझू,शर्मिला कुमारी समेत सैकड़ो रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीसी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंच, लिया जायजा

**गांडेय / गिरिडीह**



डीसी नमन प्रिय लकड़ा ने रविवार को गांडेय प्रखंड के फुलझरिया व बांकिक्ला पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे इस दौरान पंचायत सचिवालय में लगे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने मईया सम्मान योजना, अबुवा आवास,सावित्री बाई फुले योजना,मुख्यमंत्री पशुधन योजना,आबुवा स्वथय सुरछा योजना,गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना,के लगे स्टोलो में जनता द्वारा जमा किए आवेदन का निरीक्षण किया। गांडेय प्रखंड में सरकार आपके द्वार के अंतिम दिन में कुल 22 हजार आवेदन सरकार आपके द्वार के माध्यम से जनता द्वारा जमा किए गए है। डीसी नमन प्रिये लकड़ा ने कहा कि इस शिविर से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सुगम रूप से प्रदान किया जा रहा है. लोगों को योजना के लिए प्रखंड व जिला जाना ना पड़े, इसलिए पंचायत में ही शिविर लगाया जा रहा है. डीसी ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि शिविर में आने वाले लोगों को न सिर्फ सभी योजना की जानकारी दी जाए बल्कि लोगों की समस्या और निवेदन का त्वरित गति से निष्पादन करने का प्रयास किया जाए. मौके पर बीडीओ निशांत अंजुम, सी ओ मनोज कुमार, मुखिया बांकिकला जूलेखा बीबी,फुलझरिया मुखिया मो इस्मेल, पंचायत समिति सदस्य शंकर सिंह, मुस्लिम अंसारी, मो इनामुल, मो आलम,सहित दर्जनों प्रखंड कर्मी मौजूद थे

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ आयोजन



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली की रांची शाखा के सयुंक्त तत्वावधान में रविवार को 167वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन हुआ। इसका संचालन स्व. दुर्गा देवी की स्मृति में उनके पति मुरलीधर प्रसाद और श्री कृष्ण परिवार के सदस्यों के सौजन्य से किया गया। इसका आयोजन रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमाणार्धीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम आश्रम) के प्रांगण में हुआ। संस्था के अन्नपूर्णा भंडारे के संयोजक विशाल जालान, सह-संयोजक ओमप्रकाश सरावगी, पवन पोद्दार, बिष्णु सोनी की देखरेख में संस्था के वरिष्ठ सदस्य पूर्णमल सर्राफ द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनो में आलू, काबुली चना का छोला, भटुरा, केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव एवं चिप्स का वितरण किया। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा में संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, पुर्णमल सर्राफ, ओमप्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी, बिष्णु सोनी, चंद्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा, महिला मंडल की सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाडिया, अमिता जालान, रेखा पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### गोस्सनर कॉलेज के छात्र की जिकरा फॉल में डूबकर मौत

**रांची।** बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित जिकरा फॉल में गोस्सनर कॉलेज के छात्र की रविवार को डूबकर मौत हो गई। आर्यन उरांव आईटीआई स्थित मेजर कोठी के पास रहने वाला था। ग्रामीणों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आर्यन को पानी से निकालने का प्रयास किया। हालांकि, उसे फॉल से बाहर नहीं निकाला जा सका है। बताया जाता है कि आर्यन उरांव रविवार को 11 बजे अपने दोस्त प्रिंस मुंडा, अभिषेक मुंडा, आशीष केरकेट्टा, अभिजीत टोप्पो, पुलकित भगत और टंडवा निवासी पंकज रजक के साथ मोटरसाइकिल से जिकरा फॉल घूमने आया था। सभी दोस्त जिकरा फॉल घूमते हुए फॉल के नीचे की ओर गए। इसी दौरान आर्यन फॉल में गहरे पानी में गिर गया और डूब गया। आर्यन के दोस्तों ने हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचकर एक स्थानीय ग्रामीण ने गहरे पानी में उतरकर उसे खोजने का प्रयास किया लेकिन प्रयास विफल रहा।

### करमा के दूसरे दिन निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

# श्रद्धालुओं ने गीत गाकर व नृत्य कर करम डाईर का किया विसर्जन



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**

लेऊ करम लेऊ करम, टिका सिंदूर ले लेऊ बारह बछर बादे आली राऊरे करम... लेऊ करम लेऊ करम लेऊ टिका सिंदुर ले लेऊ ... जैसे गीतों के बीच करमा पूजा के दूसरे दिन लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवों में करम गोसाईं राजा की विधिवत विसर्जन के पूर्व श्रद्धालुओं ने गीत गाकर करम डाईर के चारों ओर नृत्य किया। लापुंग प्रखंड के पोकटा कुंबा टोली, फतेहपुर, ककरिया और देवगांव सहित विभिन्न गांवों में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ कुंवारी कन्याओं ने पाहन पुजार की देखरेख में करम गोसाईं राजा करम डाईर का विधिवत विसर्जन किया।लापुंग प्रखंड के पोकटा कुंबा टोली में पाहन चंदा मुंडा, सहयोगी लच्छु पाहन, अशोक उरांव, एतवा महतो, अशोक महतो, संज्योति कुमारी, कल्पना कुमारी, किरण कुमारी, खुश्बु कुमारी, सुदर्शन महतो सहित अन्य लोगों ने मिलकर कर्मा डाईर विसजर्न शोभायात्रा निकाली और कारूम के तालाब में करम डाईर का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन किया। वहीं दूसरी ओर लापुंग प्रखंड के दोलैचा, अरमालटदाग, नावाटोली, सरसा, देवगांव, लतरातु, अकमरोमा, कोंयसारा, सेमला, पोला सकरपुर तिली सहित दर्जनों गांवों में भव्य शोभायात्रा निकालकर पाहन पूजार एवं महतो ने अपने सहयोगियों की मदद से करम डाईर का विसर्जन किया। इसके पूर्व लापुंग प्रखंड के विभिन्न गांवों में पूरी भक्ति और श्रद्धा के साथ कर्मा की पूजा की गई। दूसरे दिन सुबह से ही विसर्जन का कार्यक्रम देर शाम तक चला। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किया। उधर जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो ने लापुंग प्रखंड वासियों को करमा पर्व की शुभकामनाएं दी और गांव गांव का भ्रमण कर लोगों से मिली उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

### खूंटी में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया

## डालसा समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क सेवाएं प्रदान करती है : राजश्री




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झालसा रांची के तत्वावधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रसिकेश कुमार के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार में रविवार को तोरपा स्थित श्रीहरि हाई स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने डालसा के कार्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि डालसा समाज के अंतिम पायदान के व्यक्तियों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सहायता और कानूनी सेवाएं प्रदान करता है। साथ ही इसके द्वारा समय समय पर देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले बच्चों और महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है।इस दौरान उन्होंने नशे के कारण समाज में पड़ रहे दुष्प्रभावों पर पर चर्चा करते हुए कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, समाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियां उठानी पड़ती है। हम सबको अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा, ताकि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु को मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है, मादक पदार्थों की खरीद बिक्री गैरकानूनी है।

### करम करम विदा कईर दे रे आईयो ...करम आइज विदा देवत हो

# मांदर की थाप पर नृत्य से अद्भुत समां बांधा

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



करम करम विदा कईर दे रे आईयो .... करम कर दिना आय गेल.... एतई दिन रहले करम घरे दुवारे, देशे में रहले राइज में रहले करम आइज विदा देवत हों ... जैसे गीतों के साथ बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली, बेड़ो बस्ती तथा बारीडीह सहित दर्जनों गांवों में करमा पूजा के दूसरे दिन करम डाईर करम गोसाईं राजा का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकालकर विभिन्न जलाशयों में विसर्जित कर दिया गया। बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली सहित ईटाचिल्द्री, पुरियो, जरिया, बारीडीह, मासु, मुडामु, जमनी, पंडरा, जहानाबाज, हुटार सहित दर्जनों गांवों में मांदर, ढोल नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकालकर पाहन पूजार की अगुवाई में करम गोसाईं राजा करम डाईर का विसर्जन किया गया। हरिहरपुर जामटोली में करम पूजा आयोजन समिति हरिहरपुर जामटोली में संरक्षक अजय लकड़ा एवं अध्यक्ष सुमित्रा उराईन के संयुक्त नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विसर्जन शोभा यात्रा में मुख्य रूप से आयोजन समिति के बिरसा उरांव, कोषाध्यक्ष शंकर कुजूर, सहयोगी संदीप कुजूर, समाजसेवी पारतो उरांव, पाड़हा राजा विशाल उरांव, सदस्यों में राजेश उरांव, परतो उरांव, पहान सोमरा उरांव, पुजार मंगु उरांव, महतो लखो उराँव सहित गाँव के सैकड़ों युवक-युवतियां बूढ़े बुजुर्ग शोभा यात्रा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। करमा की विदाई गीतों के साथ सामूहिक नृत्य करते हुए सैकड़ों की संख्या में युवतियों ने अद्भुत समां बांधी। वहीं बारीडीह में पाहन सोमरा उरांव व फगुआ उरांव, महतो सुका उरांव, पुजार प्रकाश उरांव के संयुक्त नेतृत्व में करम गोसाईं विसर्जन शोभा निकाली गई। यहां विसर्जन शोभा यात्रा के पूर्व करम अखरा में मांदर की थाप पर थिरकते हुए उत्साह और उल्लास के साथ अखरा में चार चांद लगाया। गांव के बुद्धिजीवी एवं पूर्व उप प्रमुख धनंजय कुमार राय ने बताया कि करम करम विदा कईर दे रे आईयो .... करम कर दिना आय गेल.... एतई दिन रहले करम घरे दुवारे, देशे में रहले राइज में रहले करम आइज विदा देवत हों ... जैसे गीतों के साथ करम डाईर का विसर्जन किया जाना एक प्राचीन परंपरा है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री की जमशेदपुर यात्रा से राज्य के युवाओं को मिलेगी नई ऊर्जा : मंगल सिंह भोगता

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्पात नगरी जमशेदपुर यात्रा झारखंड के राजनीति और विकास में नया दिशा प्रदान करेगा। युवाओं में उर्जा भरने का काम करेगा। जमशेदपुर के टाटा नगर स्टेशन से छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडे दिखाने और एक लाख करोड़ का झारखंड को सौगात दिए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने स्वागत किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि गुमला और सिमडेगा को रेलवे लाइन से जोड़ने की यहां के लोगों की पुरानी मांग है। सिमडेगा और गुमला आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा जिला है। इस क्षेत्र के विकास में पर्यटन और रेलवे का महत्वपूर्ण भूमिका हो सकता है।

### डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन

**बोलवा।** प्रखंड अन्तर्गत पिड़ियापोंश मैदान में सर्व पल्ली राधाकृष्णन स्मृति हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम उपस्थित हुए। फाइनल खेल महिलाओ के बीच हुआ। महिला वर्ग का खेल टैंसेर और समसेरा के बीच खेला गया। जिसमें दोनों ही टीम 1-1के बराबरी पर रहे। तत्पश्चात पेनाल्टी सूट का सहारा लिया गया। जिसमें समसेरा की टीम 3-2से विजय हुई।पुरूष वर्ग में खश्बू क्लब उड़ीसा बनाम टांगरगांव उड़ीसा के बीच खेला गया। जिसमें खुश्बू क्लब उड़ीसा ने 1 गोल से विजय प्राप्त किया।दर्शकों , खिला/ड़ियों को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि आज जिस प्रकार से खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया सराहनीय रहा। श्री आलम ने कहा कि आज झारखंड महागठबंधन की सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए सम्पूर्ण झारखण्ड में खेल करा रही है। साथ ही साथ हर क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को लाभान्वित करने का कार्य कर रहे हैं।

### जलडेगा में जल्द बनाया जाएगा सुविधायुक्त खेल स्टेडियम : एनोस एक्का

**सिमडेगा।** मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच रविवार को खेला गया। फाइनल मैच में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री एनोस एक्का, झापा युवा नेता संदेश एक्का आदि उपस्थित थे। फाइनल मैच पांडो एफसी बनाम अजय ब्रदर ब्रसलोया के बीच खेला गया। फाइनल मैच का उद्घाटन अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर एनोस एक्का ने कहा कि सिमडेगा के माटी में खेल रचा और बसा हुआ है। झारखंड पार्टी जिले में खेल के संपूर्ण विकास के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान केजनप्रतिनिधि खेल के प्रति गंभीर नहीं हैं, खिलाड़ियों को सुविधा नहीं मिल रही है। एनोस एक्का ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के लिए जलडेगा प्रखंड मुख्यालय में जल्द स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की हुई बैठक

# मां दुर्गा की तस्वीर के साथ देश की महान विभूतियों को भी शामिल किया जाएगा : मिथलेश्वर मिश्र




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला इकाई की आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में देवराहा बाबा आश्रम में रविवार को आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र उपस्थित हुए। मौके पर उनका स्वागत जिला विशेष संपर्क प्रमुख संजय महतो द्वारा अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने विश्व हिंदू परिषद की 60 वर्ष का षष्टिपूर्ति स्थापना दिवस के सफल आयोजन को लेकर प्रशन्नता जाहिर की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विहिप के केन्द्र के निर्देश अनुसार इस बार विहिप की दुगार्वाहिनी के द्वारा भव्य तरीके से दुर्गाष्टमी का त्योहार आयोजित की जायेगी। जिसमें इस बार कुछ विशेष रहेगा जिसमें उन्होंने कहा कि इस बार महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा के तस्वीर के साथ साथ देश की महान विभूति महारानी अहिल्याबाई होलकर व महारानी दुर्गावती की तस्वीर लगाकर कार्यक्रम करनी है। उन्होंने कहा कि देश के महान विभूतियों में शामिल महारानी अहिल्याबाई होलकर एवं दुर्गावती ने इस देश में जो कार्य किए हैं वह सराहनीय हैं। हमें उनके अदम्य साहस को याद करते हुए इस बार दुर्गा अष्टमी का आयोजन करना है तथा दुर्गा वाहिनी की ओर से पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम के साथ मनाने को लेकर जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि गौ माता की रक्षा का संकल्प के साथ इस बार गोपाष्टमी का पर्व मानना है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में शामिल होना है एवं गौ माता का संवर्धन संरक्षण के लिए सतत प्रयास किये जायेंगे एवं जैविक खाद एवं खेती को बढ़ावा देने के लिए चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों का धर्म समाज के प्रति जागरूक रहने की बात कही। जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा कि उन्होंने कहा की आगामी कार्यक्रम में सभी लोगो की सहभागिता हो कार्यक्रम करने का उद्देश्य आपसी तालमेल एव संगठित रहने का मौका मिलता है। उन्होंने धर्म जागरण पर विशेष जोर देने की बात कही ताकि धर्मांतरण पर रोक लग सके।

## एमपीडब्ल्यू कर्मचारी महासंघ की बैठक में संघ की समस्याओं पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** अलबर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को एमपीडब्लयू कर्मचारी महासंघ जिला इकाई की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष विजय राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के सभी लोगों को एकजूट रहने पर जोर दिया गया। मौके पर कुरडेग के एंपीडब्ल्यू अभिषेक साय के आकस्मिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की गई है। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। बैठक में संघ के सभी सदस्यों को अपने कार्यों के प्रति ईमानदार बनने की अपील की गई। मौके पर संघ की समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण को लेकर भी चर्चा की गई। इसके अलावे अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुकेश महतो, वशी अकरम, मो मनोवर हुसैन, राजीव कुमार, प्रदीप बड़ाईक, मनाहेम खेस, पुष्पकांत शाह आदि ने भी अपने विचार रखे। बैठक में संघ के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### सिमडेगा में मनाया गया अभियंता दिवस, याद किए गए विश्वेश्वरैया




**सिमडेगा ।** भारत रत्न डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की 164 वीं जयंती अभियंता दिवस के रूप में रविवार को मनाई गई। समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के बाद अतिथियों समेत उपस्थित अभियंताओं ने सर्वप्रथम डॉ. विश्वेश्वरैया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर अतिथियों ने अपने संबोधन में उनकी जीवनी और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक शिक्षक पुत्र होते हुए उन्होंने बतौर अभियंता अंग्रेज शासन से लेकर राजशाही तक और आजाद भारत में जो कार्य के प्रति लगन की मिशाल बनाते हुए जो मुकाम हासिल की उससे अभियंताओं को गर्व है। उन्होंने जो भी कार्य देश और जनता के हित में किया वो दुनिया भर में आज भी मिशाल के रूप में देखा जाता है। अंग्रेज शासक, मैसूर राज्य और आजाद भारत आज भी उनसे प्रेरणा लेता है। उनकी त्याग, मेहनत, ईमानदारी की बदौलत प्रथम पंच वर्षीय योजना तैयार की गई थी।

### महाबुवांग क्षेत्र के ग्रामीणों ने सांसद से की मुलाकात, सुनाईं समस्याएं



**बानो।** प्रखंड के महाबुवांग क्षेत्र के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने महाबुवांग के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण, सूत्रीउली से बेरनीबेडा कोयल नदी तक बनी उच्च स्तरीय पुल तक पहुंच पथ का निर्माण, हेलगढ़ा में चेक डैम का निर्माण व महाबुवांग बड़का टोली का ट्रांसफार्मर लगाने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर महाबुवांग ग्राम के वार्ड सदस्य संदीप समद, हरीश ओहदार, संदीप नाग, पीयूष लुगुन आदि लोग उपस्थित थे।

### एशियन जूनियर बॉक्सिंग में आमिशा ने सिमडेगा का मान बढ़ाया : अजय एक्का

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत कोनपाला पंचायत के पंडरी पानी के एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप 54 केजी वेट कैटेगरी में हिस्सा लेकर सिल्वर मेडल जीतकर आये आमिशा केरकेट्टा को उनके पैतृक गांव में जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर ठेठईटांगर पश्चिमी जिप सदस्य अजय एक्का ने भी शॉल ओढ़ाकर जीत की बधाई दी और उन्होंने कहा कि हमारे सिमडेगा में बॉक्सिंग के बारे बहुत ही कम लोग जानते थे लेकिन आमिशा ने इसमें एशियन चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर कर दिखाया निश्चित रूप से अनुशासित जीवन शैली और कड़ी मेहनत के बदौलत ही हो पाया है अमिशा क्षेत्र के युवाओं के लिए मिशाल है व उन्होंने विश्व पटल पर सिमडेगा का मान बढ़ाया है। कार्यक्रम में फादर इग्नासियुस मिंज, पाईकपारा मुखिया सुशीला लकड़ा, कोनपाला मुखिया फ्रांससिका लकड़ा, कोनपाला पंचायत समिति अमित एक्का सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### खेत में गिरने से महिला की हुई मौत



**कुरडेग ।** थाना क्षेत्र के छोटकी बिउरा कदमटोली ग्राम में महिला के खेत में गीरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान रीना देवी 40 वर्ष पति राजेन्द्र सेनापति निवासी कदमटोली थाना कुरडेग के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह महिला घर के काम काज कर खेत की ओर गइ थी खेत में पानी भरा था संभवतः पैर फिसलने पर पानी में गिर गयी होगी। मृतका कुछ दिनो से मलेरिया टाइफाइड से पीड़ीत थी जिसका इलाज चल रहा था। कुछ देर के बाद पति को पता चलने पर खेत पर गया जहा पत्नी को पानी में गीरा देखा उन्होंने तत्काल 108 एम्बुलेंस से कुरडेग सी एच सी लाया जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर कुरडेग पुलिस को मामले की सुचना मिलते ही सी एच सी पहुंचकर शव अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल सिमडेगा भेजी। थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में मामला दर्ज किया गया है पोस्टमार्टम के बाद महिला की मौत के कारणों का पता चलेगा।

## बोलबा प्रखंड में पीएम आवास के 37 लाभुकों को दिया गया स्वीकृति पत्र



**बोलबा ।** बोलबा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रधानमंत्री आवास के 37 लाभुकों को स्वीकृति प्रमाण-पत्र दिया गया। इस मौके पर अंचल अधिकारी सुधांशू पाठक ने कहा कि भोजन के बाद आवास की आवश्यकता होती है पहले बांस की लकड़ी से आवास आवास बनाया जाता था जोकमजोर होता था इससे बार-बार मरम्मत करना पड़ता था इसके बाद सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को आवास उपलब्ध होने लगा है। देश के प्रधानमंत्री सफाई पर ध्यान देते हुए अधिक कार्य किया गया सभी पक्का मकान दिया जा रहा है। आवास के साथ अब सरकार गैस कनेक्शन, बिजली, शौचालय साथ में दे रही है आप सभी के सहयोग से सारे चीज सम्भव है। पैसा कहीं दूसरे जगह खर्च नही करना है। जो लोग अच्छे काम करेंगे उसको समय पर राशि का भुगतान किया जायेगा। काम नही करने वाले लोगों की राशि वापस किया जा सकता है उन्होंने स्वच्छता के बारे जानकारी देते हुए कहा कि 15 सितम्बर से स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम में सभी लोगों को सहयोग करना है, उन्होंने बताया कि 37 लोगों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया जबकि 186 में से 92 लोग योजना में जुड़ जाएंगे।

## पथ निर्माण विभाग कर रही है मनमानी

# बगैर मुआवजा सड़क बनाना गलत : नील जस्टिन बेक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड नवनिर्माण दल के नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने पाकरटांड़ प्रखंड का दौरा कर रैयतों से मुलाकात की। रैयतों ने बताया कि वीरू से पाकरटाड़ होते हुए रामरेखा धाम तक बन रही सड़क निर्माण कार्य में मुआवजा नहीं दिया गया है। बगैर मुआवजा के सड़क निर्माण कराना गलत है जिसके विरुद्ध पार्टी आंदोलन करेगी और रैयतों को मुआवजा दिलाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा है कि सड़क, पुलिया बनना चाहिए लेकिन किसानों का जमीन को हड़प कर नहीं। पथ निर्माण विभाग द्वारा बगैर मुआवजा दिए जिले में बन रही सड़क निर्माण के मामले को जन पंचायत कार्यक्रम में पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। उन्होंने 20 सितंबर 2024 को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित झारखंड बचाओ रैली सह जन पंचायत कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में प्रखंड क्षेत्र से आने की अपील की है। इस मौके पर इनामुल अंसारी, नरेश सिंह, गोविंद सिंह, घनश्याम नाग, ऑस्कर कुल्लू, सुरेश बारला, प्रभात डुंगडुंग, पूनम टेटे, बेनेदिकता, सीता देवी, इत्यादि दर्जनों रैयत उपस्थित थे ।

## विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में धूमधाम के साथ मनाया गया करम पर्व



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा** विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर लचरागढ़ में प्रकृति का महापर्व करम महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सुभाष चन्द्र दुबे, प्रान्त शिक्षा प्रमुख वनवासी कल्याण केन्द्र रांची, राजेश अग्रवाल मंत्री श्रीहरि विकास समिति राँची द्वारा संयुक्त रूप से माता सरस्वती, ओम, भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवम पुष्पर्चान कर कार्यक्रम का शुभ उद्घाटन किया गया।तत्पश्चात संजय कुमार पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ करम पूजा एवम कथा श्रवण विधि विधान के साथ प्रारंभ हुई। इस अवसर पर कला एवम संस्कृति के संरक्षण,संवर्धन करने वाले गायक फेकु नायक, विद्या बड़ाईक, को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।अंत में आरती के साथ पूजन समाप्त हुई।और भारी वारिश में भी रात भर गायन वादन ओर नृत्य हुआ। सुबह ग्राम भ्रमण के साथ देवनदी में करम राजा को प्रवाह किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजकुमार साहु, रमेश ओहदार, संदीप साहु, जनकु सिंह,राम बड़ाईक, आशीष अग्रवाल, रमेश अग्रवाल,कृष्णा गुप्ता, गुप्ता बैग हाउस सिमडेगा, विनीत मित्तल, सहेली साड़ी सेंटर सिमडेगा ने धन देकर सहयोग किया।इन्हें विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल, सहसचिव रिक्की अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आनन्द जैन, अभिभावक प्रतिनिधि राजकुमार साहु, अजय पाणिग्रही प्रधानाचार्य शिशु मंदिर डुमरी, अशोक सिंह, लालमोहन सिंह, अनिरुद्ध सिंह, भाजयुमो ज़िला अध्यक्ष सिमडेगा, मिडिया प्रभारी रंजन साह,पत्रकार अनुज साहु, दिनेश जी एवम लचरागढ़ के गण्यमान्य महानुभाव और भारी संख्या में अभिभावक, ग्रामीण उपस्थित थे। आचार्यों, दीदी के कर्मठता, दृढ़ता,तन्मयता से कार्यक्रम सफल, प्रभावी और ऐतिहासिक रहा।

## छात्र नेतृत्व सम्मेलन और इंजीनियर डे का हुआ आयोजन



**सिमडेगा ।** विद्या वनस्थली शिक्षा समिति द्वारा संचालित और लीड द्वारा सहयोग प्राप्त स्वर्ण जयंती वर्ष मना रहा है जूनियर कैंब्रिज स्कूल सिमडेगा में रविवार को छात्र नेतृत्व सम्मेलन और इंजीनियर डे का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन छात्रों की नेतृत्व क्षमता, सृजनशीलता और उनके प्रौद्योगिकी एवं इंजीनियरिंग के प्रति झुकाव को प्रोत्साहित करने का उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष, प्रधानाचार्य, शिक्षक गण और स्थानीय गण मान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या प्रभा केरकेट्टा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि सोचने की क्षमता का विकास करना है जो इस कांफ्रेंस में आप सभी अभिभावकों को दिखाई देगा। इस सम्मेलन में छात्रों ने कुल 20 विषयों पर अपनी अनुभव और सिख को विभिन्न मॉडल, प्रोटोटाइप, चार्ट पेपर के जरिए अपने परियोजनाओं, प्रगति रिपोर्ट और आगामी लक्ष्य के बारे में जानकारी दी।बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका लेतारे कुजूर ने कहा कि विश्वेश्वरैया जी के जीवन से सीखने को मिलता है की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से बड़ी से बड़ी बढ़ाएं भी छोटी हो जाती हैं।

## पेसा कानून सशक्तिकरण को लेकर प्रखंड स्तरीय ग्राम सभा की बैठक हुई

# जंगलों को सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व : समर्पण सुरीन



**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा** जलडेगा में प्रखण्ड स्तरीय ग्राम सभा मंच का बैठक जोसेफ लुगुन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से पेशा कानून सशक्तिकरण को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा जिला स्तरीय ग्राम सभा के अध्यक्ष समर्पण सुरीन उपस्थित हुए। समर्पण सुरीन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम सभा को सुचारू रूप से चलाने के लिए नियमित बैठक अति आवश्यक है। ग्राम सभा फंड बढ़ाने के लिए कई आमदनी के तरीके बताए। भारतीय वन कानून 1927 के तहत वन विभाग जंगलों को अपने कब्जे में लिया है। इसके तहत वन विभाग को जंगलों को हरा भरा रखने के लिए सरकारी फंड आता है बावजूद जंगल खत्म होता जा रहा है। वन अधिकार कानून 2006 में प्रावधान है कि जिस गांव के जंगल को लुटा गया उसे ग्राम सभा को वापस करना है। इस कानून के तहत समुदाय को जंगलों का संरक्षण, प्रबंधन व संवर्धन के साथ साथ आजीविका के साधनों के रूप में समुचित उपयोग करने का अधिकार देता है। श्री सुरीन ने कहा कि जंगलों को सुरक्षित रखना हम सभी दायित्व है। पेसा कानून 1996 एवं ग्राम सभा -पांचवी अनुसूचि क्षेत्र में अजजा के लोग ही मुखिया रहने का प्रावधान है। ग्राम सभा में लोग क्यों नहीं बैठते हैं इस प्रश्न पर ग्रामीणों ने कहा कि योजना पंजी में योजना ग्राम सभा द्वारा अति जरुरत मंद वालों का योजना को ऊपर लिखते हैं परंतु पंचायत में फेर बदल किया जाता है और जिसका पहुंच पंचायत और प्रखण्ड के अधिकारियों से है उन्हीं को योजना दिया जाता है बाकि को दरकिनार किया जाता है इसलिए ग्राम सभा के लोग निराश हो जाते हैं जिसके चलते बैठक में शामिल नहीं होते हैं।

## वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति डे-नाइट फुटबॉल 21 से 23 सितंबर तक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** वीर शहीद अब्दुल हमीद स्मृति डे-नाईट फुटबाल टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर शहरी क्षेत्र के खैरनटोली स्थित नूर महल्ला में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सह झामुमो जिला सचिव शफीक खान ने किया। बैठक में आयोजन संबंधी रूप रेखा बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक जमीर खान, संरक्षक जमीर हसन, सह-संरक्षक वारिस रजा, सचिव रुस्तम खान, कोषाध्यक्ष सबीर आलम, उप सचिव मो. नौशाद, उपाध्यक्ष मो आकिब, व्यवस्था मंत्री मो काशिफ, मीडिया प्रभारी मो शाकिब, एक्टिव मेंबर मो उमर, मो इम्तियाज, मो अहमद रजा, मो कैफ मोनू, मो मुन्तजिर, मो आरिफ, मो आदिल, मो वसीम, मो तल्हा, मो तबरेज, मो अरबाज व रितेश प्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य आयोजन समितियों से जुड़े सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी देकर टूर्नामेंट को सफल बनाना था। बताया गया इस बार प्रतियोगिता भव्य ढंग से आयोजित की जाएगी। ज्ञात हो कि 21 सितंबर से 23 सितंबर तक वीर शहीद अब्दुल हमीद के स्मृति में तीन दिवसीय डे- नाईट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जिसके फाइनल मैंच में मुख्य अतिथि झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी होंगे।

## सिमडेगा एसपी ने किया मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन

# थाना प्रभारियों को दिए दिशा निर्देश




*एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को असामाजिक तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा एसपी कार्यालय सभागार में रविवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आगामी त्योहार और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। अपराध गोष्ठी दौरान एसपी सिमडेगा ने सभी थानों के केस की स्थिति आदि की समीक्षा करते हुए ससमय केसों के निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिए। इसके अलाव आगामी त्योहार ईद मिलाद ईद मिलादुन्नबी और दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था पर चर्चा करते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाने, सभी संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखने, लगातार गश्त चलाने और सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए रखने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि कोई भी शांति भंग करने की कोशिश करें तो उसे पर त्वरित कार्रवाई करें। इसके अलाव आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई। जिसमें एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में लगातार एलआरपी चलाने राजनीतिक गतिविधि पर नजर बनाए रखने और चुनाव को प्रभावित करने वाले असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत आने वाले शिकायतों के समय पर समाधान करने आदि का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया है। क्राइम मीटिंग के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि लगातार इन दोनों साइबर क्राइम के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगो को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जिससे कि किसी भी व्यक्ति ठगी का शिकार न हो। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सभी अंचल पुलिस निरीक्षक एवं सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री ने झारखंड दौरे पर हजारीबागवासियों को दी बड़ी सौगात

# पीएम ने रेलवे के 'कोचिंग कांप्लेक्स' का किया ऑनलाइन शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड दौरे पर दिन रविवार को हजारीबाग वासियों को बहुत बड़ी सौगात दी है। हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन में रेलवे के कोच की मरम्मत और रखरखाव के लिए "कोचिंग कांप्लेक्स" का ऑनलाइन शिलान्यास किया। मौके पर टाउन रेलवे पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, भुतपूर्व सांसद यदुनाथ पांडे एवं भाजपा नेता बटेश्वर मेहता सहित कई गणमान्य लोग मंच पर उपस्थित रहे। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। वर्षों से लंबित "हजारीबाग कोचिंग कॉम्प्लेक्स" की मांग आज पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका शिलान्यास कर एक नया अध्याय शुरू किया है। यह परिसर न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हजारीबाग वासियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने इस सपने को साकार किया।अब हर योजना रफ्तार पकड़ रही है, और वादे जल्द ही हकीकत में बदल रहे हैं। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजपा नेता आनंद देव, भाजपा अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल वाल्मीकि, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, दिनेश सिंह राठौर, विवेक बरियार, रानी शुक्ला, रोहित पांडे, रोहित कुमार, अजीत कुमार, रंजीत कुमार, मनीष कुमार, नवीन पांडे, राहुल गुप्ता, मनोज पांडे, आशीष सिंह, रोहित, मोनू कुमार, ऋषभ ज्योति, ओमप्रकाश कुमार, विशाल कुमार एवं विकाश कुमार सहित कई लोग शामिल थे।



### पीएम आवास योजना का करवाया गया गृह प्रवेश

**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत चेडरा के ग्राम चलंगा में प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ के निर्देशानुसार पूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना का गृह प्रवेश लाभुक संजय राम , क्रांति देवी , मंजू देवी के यहां विधिवत पूजा_ पाठ करते हुए करवाया गया । मौके पर वार्ड सदस्य रीता देवी , पंचायत सचिव सरयू पासवान , पंचायत सहायक सुनील कुमार , विनोद कुमार रवि इत्यादि उपस्थित थे ।

## 41 करोड़ की परियोजना की सौगात, बनेगा कोचयार्ड, खुलेंगे रोजगार के अवसर

**हजारीबाग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन कार्यक्रम के जरिये 6 वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाया। इसमें कोडरमा से होकर चलने वाली टाटानगर-पटना वंदे भारत व हावड़ा से गया वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री हजारीबाग में रेलवे बोगी मरम्मत डिपो की आधारशिला भी रखी। डिपो बन जाने पर गिरिडीह-कोडरमा-हजारीबाग टाउन-बरकाकाना रूट पर चलने वाली ट्रेनों की बोगियों की यहीं मरम्मत की जाएगी। इस डिपो के निर्माण के लिए 41 करोड़ 42 लाख का टेंडर निकाला जायेगा और इसका निर्माण डेढ़ साल के अंदर हो जायेगा। डिपो निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। यहां डिपो बन जाने के बाद एसी व नान एसी कोच की मरम्मत यहीं पर की जाएगी। इसके लिए हजारीबाग में चार अतिरिक्त ट्रैक बनाया जाएगा। यहां कोच लिफ्टिंग, वाशिंग, सर्विस, केयर एंड वैगन विभाग का कार्यालय भी बनाया जाएगा। फिलहाल इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों को मरम्मत व सफाई के लिए धनबाद या गया भेजा जाता है।

### सभी पूर्व सांसदों का धन्यवादः मनीष

इधर शिलान्यास से उत्साहित दिख रहे हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बड़ा दिल दिखाते हुए कहा की इस कोच यार्ड का क्रेडिट पूर्व में रहे हजारीबाग के संसादो को भी जाता है। उनकी भी मेहनत का नतीजा है कि आज एक सपना साकार हो रहा है। कहा कि हजारीबाग के लोगो को यात्रा सुलभ होगी ऐसी आशा है आगे आने वालो दिनों में लम्बी दुरी की ट्रैन भी चलेगी जिससे लोगो को आने जाने में काफी सुविधा होगी। मौके पर पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, टुन्नु गोप रेलवे के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पीएम आवास लाभार्थियों के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में पीएम आवास लाभार्थियों के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वितरण समारोह में विधायक अमित कुमार यादव, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, प्रखंड प्रमुख रेणु देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमित कुमार यादव ने दीप जलाकर किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र देते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि पीएम आवास योजना मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है।

### मां मनसा पूजा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गयपहाडी में मां मनसा पूजा को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में विधायक अमित कुमार यादव,पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव,कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश कुमार, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीलाल चौधरी शामिल हुए। कलशयात्रा में 1051 महिला और कुंवारी कन्या ने यज्ञ मंडप से अपने माथे पर कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी पहुंचे जहां यज्ञाचार्य के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### अंतरविद्यालय सीबीएसई क्लस्टर'03 वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आज होगा आयोजन

**हजारीबाग।** अंतरविद्यालय सीबीएसई क्लस्टर'03 वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सेंट स्टीफेंस स्कूल प्लस टू हजारीबाग द्वारा 16 सितंबर 10:30 बजे सुबह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बिहार-झारखंड से लगभग 120 से भी ज्यादा सीबीएसई द्वारा संचालित विद्यालय भाग लेंगे। इस चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर'03 में लगभग 1500 खिलाड़ियों एवं डेढ़ सौ से भी ज्यादा टीम मैनेजर, कोच उपस्थित होंगे। इस आयोजन के मुख्य अतिथि राकेश रंजन लाल डीआईजी, एडीएम बीएसएफ हजारीबाग, हरेंद्र नारायण कमांडेंट 02 बटालियन सीआईएसफ रांची, शेखर बोस सेक्रेटरी झारखंड वालीबॉल एसोसिएशन सह अंतर्राष्ट्रीय कोच एवं लोकेश ब्रांगे प्रोविजनर आईएएस होंगे। जिनके द्वारा इस आयोजन का शुभारंभ किया जाएगा। इस बड़े आयोजन के संदर्भ में सेंट स्टीफेंस स्कूल प्लस टू की प्राचार्या कल्पना बारा ने बताया कि इस आयोजन में आने वाले सभी खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर सभी का विशेष रूप से ख्याल रखा जाएगा खासकर उनके आवागमन, रखरखाव, भोजन एवं मेडिकल की उचित व्यवस्था की जाएगी।

### चरही घाटी में ट्रेलर पलटा, बाद में टिस्को की स्टाफ गाड़ी से टकराया, कई घायल



**हजारीबाग।** चरही घाटी में शनिवार देर रात एक बार फिर बड़ी सड़क दुर्घटना घटी, बताते चले की हजारीबाग की ओर से रामगढ़ की तरफ जा रहे अनियंत्रित ट्रेलर चरही यूपी मोड़ में डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में जा कर पलट गया। इसी क्रम में टिस्को स्टाफ को घाटो से हजारीबाग ले जा रहे ट्रेवलर फोर्स गाड़ी से ट्रेलर जा टकराया। जिससे ट्रेवलर गाड़ी नंबर जेएच 02 बीएन 4207 में चालक साइड में जा टकराया। ट्रेवलर फोर्स के चालक को हल्की चोट लगी। दुर्घटना के बाद घाटी में दोनों साइड घंटो जाम की स्थिति बन गई। चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार दल बल के साथ घटना पहुंचकर जाम को हटाने का काम करवाया। चरही पुलिस के द्वारा टिस्को कर्मियों से जायजा लेकर दूसरे वाहन से भिजवाने का काम किया गया। साथ ही हाइड्रा मंगवा कर ट्रेलर को उठवा कर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया गया। ट्रेलर चालक दुर्घटना होते ही भाग गया।

### डीएवी में आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**बरही ।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में आर्ट इंटीग्रेशन ऊर्फ शिक्षा में कला के समायोजन विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किए गए। जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन व स्वागत गान के साथ हुआ। जिसमे रॉयल आर्किड के अनूप कुमार सिंह व विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के इशिता सेन बतौर संसाधक शामिल हुए। इन दोनो ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से उपस्थित शिक्षकों को अध्यापन कार्य में आर्ट इंटीग्रेशन के बेहतर उपयोग की जानकारी दिया। बताया गया कि आर्ट इंटीग्रेशन से बच्चो के पाठ्यक्रम को बेहतर, रोचक व आसान बनाया जा सकता है। यह विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास के साथ व्यक्तिगत और सामाजिक विकास में भी सहायक है। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने बताया कि आर्ट इंटीग्रेशन सीखने की प्रक्रिया को रचनात्मक व समग्र बनाता है। जिससे नवाचार को बढ़ावा मिलता है। इसकी सहायता से विद्यार्थियों को विषयवार बेहतर किया जा सकता है। कला खुशनुमा माहौल तैयार करता है, जो हर एक कार्य के लिए दुगुनी ऊर्जा प्रदान करता है।

### शादी का प्रलोभन देकर विवाहिता के साथ यौन शौषण,आरोपी को भेजा गया जेल

**बरकट्ठा।** शादी का प्रलोभन देकर विवाहिता का यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। इस बाबत विवाहिता रेखा देवी ग्राम ढाब, हेरहरगंज पलामू निवासी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। आवेदन में लिखा कि मेरा शादी पांच माह पूर्व बरकट्ठा निवासी पंकज कुमार से हुई थी। लेकिन पिछले डेढ़ साल से ग्राम हेरहरगंज निवासी आशीष कुमार पिता दीपक कुमार मेहता ने शादी का झांसा देकर मेरा यौन शौषण करता रहा। जब भी हमने उसे शादी के लिए बोला तो मेरे माता पिता को जान से मारने की घमकी देता था। इस दौरान उसने कई बार मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाया। 12 सितंबर की रात को परिवार को जान से मारने की घमकी देकर मुझे बाहर निकाला और मुझे जबरन ले जाने की कोशिश करने लगा। हो हल्ला होने पर लोगों ने पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कांड संख्या 181 / 24 के तहत उक्त युवक आशीष कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### ग्रामीणों की मांग जायज, पीएमओ के निर्देश पर किया जा चुका है जांच व सर्वे : सांसद

**बरही।** बड़काकाना कोडरमा रेलखंड स्थित खोड़ाहर में रेलवे स्टेशन या हॉल्ट की मांग को स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने भी उचित बताया। रविवार को सांसद श्री जायसवाल ने डीआरएम के नाम धनबाद मंडल के एडीआरएम को ज्ञापन सौंप ग्रामीणों की भावनाओ से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर पीएमओ के निर्देशानुसार पूर्व रेलवे ने सर्वे व जांच भी किया है। पर हॉल्ट निर्माण की दिशा में अब तक कोई कार्य नहीं किए गए है। रेल ठहराव नहीं होने से दर्जनों ग्रामवासियों को चिरप्रतीक्षित रेलवे सेवा का कोई लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हॉल्ट निर्माण से दर्जनों गांव के साथ देश के दूसरे कृषि अनुसंधान केंद्र में अध्ययनरत विद्यार्थियों सहित कर्मियो और अधिकारियो को लाभ मिलेगा। रेलवे के राजस्व में वृद्धि के साथ ग्रामीण किसानों के लिए अर्थोपार्जन का सशक्त माध्यम बनेगा। इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाए और जनहित के लिए यथाशीघ्र हॉल्ट या स्टेशन निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। इस दौरान सांसद के साथ हॉल्ट निर्माण संघर्ष समिति के दर्जनों लोग मौजूद थे। ज्ञातव्य हो कि हॉल्ट निर्माण को लेकर उक्त रेलखंड उद्घाटन के समय युवा भाजपा नेता ने 2015 में ही पहली बार आवाज़ उठाई थी।

## झारखंड की संस्कृति और पहचान है करमा पूजाः अंबा प्रसाद

- बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों पहुंची विधायक अंबा प्रसाद, करम पर्व की दी शुभकामनाएं

नवीन मेल संवाददाता



**बड़कागांव :** मांदर की थाप और करम गीत के साथ पूरे बड़कागांव क्षेत्र में धूमधाम से करमा पुजा मनाया गया। स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद भी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों के करम अखाड़ा पहुंचकर पूजा अर्चना किया एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान विधायकों के साथ पारंपरिक नृत्य भी किया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि करमा पूजा झारखण्ड की संस्कृति की पहचान है। इस त्योहार में प्रकृति की पूजा कर अपनी विरासत को जीवित रखते है। करमा को लेकर कई लोक प्रस्तुतियां और कई लोक कथाएं भी प्रचलित हैं। महिलाए व युवतियां 24 घंटे का उपवास करती है। इस दौरान महिलाएं कर्म डाल की पूजा करती है।जिनके माध्यम से यह पता चलता है कि करमा का व्रत कुवारी लड़कियां अपने भाई की लंबी आयु के लिए करती हैं। यह व्रत भादो माह की एकादशी को किया जाता है और इसमें करम के वृक्ष की पूजा की जाती है। करम के वृक्ष की पूजा कर लड़कियां यह कामना करती हैं। उनके भाई की आयु भी करम के वृक्ष की आयु की तरह अधिक हो और उनके परिवार के सभी सदस्य खुशहाली से अपना जीवन व्यतीत करें। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद ने उरीमारी, महुंगाई कला, महुंगाई खुर्द, पिपराडीह, बिश्रामपुर, सांढ़, चंदौल,बचबरिया,चंदौल रविदास मोहल्ला,चंदौल रजवार मोहल्ला,पुंदौल,सोती समेत विभिन्न गांव टोला पहुंची व प्रकृति पर्व करम की शुभकामनाएं दी।

## ईदे मिलादुन्नबी के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शनिवार को सदर अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक गुरु नानक पैलेस में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने की। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाएं और कानून को अपने हाथ में न लें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग कानून तोड़ेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी कि सोमवार को शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकाली जाएगी और रात में विभिन्न स्थानों पर जलसों का आयोजन होगा। ईद मिलादुन्नबी त्योहार को ध्यान में रखते हुए शहर में साफ-सफाई, पानी की आपूर्ति और बिजली की व्यवस्था को सुधारने के निर्देश नगर निगम को दिए गए। सदर अंचल अधिकारी मयंक भूषण ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि प्रशासन ईद मिलादुन्नबी को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की और बताया कि जुलूस के लिए शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस निर्धारित रूट पर ही निकाला जाएगा और इसमें डीजे का प्रयोग वर्जित रहेगा। इस अवसर पर सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार सिंह, सदर सर्किल इंस्पेक्टर नंदकिशोर साहू, सदर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सपन कुमार महथा, थाना प्रभारी बिट्टू रजक, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कर्मा महोत्सव : प्रकृति और भाई बहन के प्रति अटूट प्रेम का प्रतीक




नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** कर्मा महोत्सव झारखंड का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो सामाजिक एकता, सदाचार और भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व आदिवासी संस्कृति पर आधारित है, लेकिन झारखंड में इसे आदिवासी समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाते हैं। भाजपा नेता और प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों, जैसे रेबर, उरीदरी और अन्य ग्रामों में आयोजित कर्मा पूजा समारोहों में हिस्सा लिया। उन्होंने इस अवसर पर कर्मा पूजा से जुड़ी परंपराओं और इसके महत्व पर जानकारी साझा की। टोनी जैन ने बताया कि कर्मा पूजा का चलन एक लोककथा से जुड़ा है। कथा के अनुसार, एक भाई को जीवन में अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक दिन उसे नदी में तैरता हुआ कर्म का डाली मिला, जिसे वह घर लाया और पूजा की। इसके बाद उसके सभी संकट दूर हो गए और तभी से कर्मा डाली की पूजा की परंपरा आरंभ हो गई। कर्मा पूजा मुख्य रूप से भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को प्रारंभ होती है। इस पर्व में कर्म शक्ति को युवा और यौवन के देवता माना जाता है, जो अच्छी फसल और स्वास्थ्य के प्रतीक हैं। हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय और स्थानीय लोग कर्मा महोत्सव को नृत्य और संगीत के साथ धूमधाम से मनाते हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की लंबी आयु की कामना करते हुए उपवास रखती हैं और कर्मा नृत्य में शामिल होती हैं। इस वर्ष के महोत्सव में टोनी जैन के साथ सोनू गुप्ता, शेखर गुप्ता, निर्मल साहू समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्रामीणों का भी आयोजन में विशेष सहयोग रहा, जिसने इस पर्व को और भी भव्य बना दिया।

## लायंस क्लब का 62वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया



नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** लायंस क्लब हजारीबाग का 62वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को साल्ट एंड पिपर के सभागार में संपन्न हुआ। इस मौके पर लायंस क्लब के अधिकारी इंडक्शन ऑफिसर पूर्व जिलापाल लायन सिद्धार्थ मजूमदार राँची, मुख्य अतिथि उपजिलापाल ला। सुभ्रा मजूमदार रांची, इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस साल वर्ष 2024-25 के लिए लायंस क्लब हजारीबाग के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ और लायन सुधा वर्मा अध्यक्ष पद के लिए चुनी गई, लायन पूजा श्रीवास्तव सचिव पद के लिए एवं लायन विकास कुमार कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित किए गए एवं पदस्थापित हुए। लायंस क्लब की कार्यकारिणी में और भी कई अन्य सदस्य सम्मिलित किए गए लायंस क्लब के सभी अधिकारियों को लायन सुभ्रा मज़ूमदार उपजिलापाल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्य अरविंद अग्रवाल, डॉ आनंद शर्मा, दीपक पसरीचा, शैलेंद्र गुप्ता, एस। वि। प्रभाकर, महेश खंडेलवाल, रूपा खंडेलवाल, ला॰ अशोक तांबी, अशोक कुमार उपस्थित थे। मंच का संचालन मनोज श्रीवास्तव ने किया और सचिव रिपोर्ट रवि श्रीवास्तव ने

## कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के सौजन्य से मांदर वितरण किया गया

**हजारीबाग।** झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत, जमुआरी और नावाखुटर गांव में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह के सौजन्य से ग्रामीणों को पारंपरिक वाद्य यंत्र, मांदर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी के साथ साझा करने का प्रयास किया गया। मुन्ना सिंह ने कहा, "मांदर झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है, और इसे संजोना और भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम झारखंड की समृद्ध परंपरा को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने का एक छोटा सा प्रयास है।"कार्यक्रम में मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रभारी विक्की कुमार धान और पूर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर गंझू , कुशुन्भा पंचायत के उप मुखिया सुरेन्द्र बांडों व सुबोध गंझू की उपस्थिति में मांदर का वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर महिलाएं और युवतियां, उपस्थित रहीं, जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुन्ना सिंह हमेशा से झारखंडी संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा देने के प्रति समर्पित रहे हैं, और क्षेत्र के पारंपरिक धरोहर को सहेजने के लिए यह एक सराहनीय प्रयास है।

### श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के मानस रसोई का हुआ विधिवत उद्घाटन

# 21 रु.में जरूरतमंदों को मिलेगा पौष्टिक आहार

- पढ़ाई करने वाले बच्चों का समय खाना बनाने में न हो बर्बाद
- इस उद्देश्य से किया है मानस रसोई का शुभारंभ - संजय कुमार सिंह

नवीन मेल संवाददाता




**हजारीबाग ।** संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम के सामने श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के कार्यालय परिसर में मानस रसोई का विधिवत उद्घाटन श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने फीता काट कर किया ,है तथा इस मानस रसोई में 21 रुपए में जरूरतमंदों के लिए भोजन उपलब्ध होगा । श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के बैनर तले उद्घाटन हुए इस मानस रसोई का मुख्य उद्देश्य हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहे वैसे बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। जो हजारीबाग में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, तथा उनका काफी समय खाना बनाने में चला जाता है। जिससे कि उनकी पढ़ाई बाधित होती ,है इसी बाधित हो रही पढ़ाई को दूर करने के लिए की रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने इस मानस रसोई की स्थापना की है। जिससे कि बच्चों का समय खाना बनाने में ना जाकर पढ़ाई में जाए और बच्चे पढ़ाई लिखाई करके अच्छे मुकाम पर जा सके तथा अपने माता-पिता के सपनों को साकार कर सकें । संजय कुमार सिंह ने बताया कि वह हजारीबाग में श्री रामचरितमानस सेवा संस्थान के बैनर चले सेवाएं दे रहे हैं । इस दौरान उन्होंने पाया कि हजारीबाग शिक्षा का हब है ,और यहां हजारीबाग के अलावा कई अन्य जिलों के बच्चे रहकर पढ़ाई करते हैं । उन्हें बच्चों को राहत पहुंचाने के लिए यह मानस रसोई की शुरुआत की गई है, जिसमें दोपहर 12:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक भोजन का प्रबंध रहेगा तो वही रात में 7:00 बजे से लेकर 9:00 बजे तक रात के खाने का भी व्यवस्था किया गया है । पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ-साथ हजारीबाग का हर जरूरतमंद एवं गरीब इस मानस रसोई में आकर खाना खा सकता है जहां उन्हें 21 में पौष्टिक आहार उपलब्ध होगा । संजय कुमार सिंह ने कहा कि वह हजारीबाग को अपनी माता मानकर सेवा दे रहे हैं तथा आगे इस सेवा का और भी विस्तार किया जाएगा एवं हजारीबाग में गरीब लोगों के लिए भी मानस किचन की स्थापना की जाएगी जहां निशुल्क गरीबों को खाना उपलब्ध होगा जिसका उद्देश्य कोई भी भूखे सोए नहीं सभी को अच्छा खाना उपलब्ध हो ये रहेगा । आज भी मानस किचन में खाना खाने वाले बच्चों की भीड़ देखी गई तथा लोगों ने खाना खाने के बाद मानस रसोई एवं श्री रामचरितमानस समाज सेवा संस्थान तथा केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की खूब सराहना की । इस दौरान वहां पर केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार सिंह के साथ हजारीबाग जिला अध्यक्ष बबलू सिंह , समाजसेवी विजय सिंह , संस्था के सदस्य धर्मेंद्र सिंह, लक्ष्मण जी आदि मौजूद रहे ।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जिला कमेटी का विस्तार

**रामगढ़ ।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई की कमेटी विस्तार करते हुए ब्रिजेश कुमार महतो को रामगढ़ जिला का संगठन सचिव तथा दुलमी प्रखंड का विस्तार करते हुए बंटी कुमार को प्रखंड उपाध्यक्ष तथा रमेश कुमार को प्रखंड मीडिया प्रभारी बनाया गया है। सभी ने अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक करने की बात कही है। वहीं, संगठन की ओर से कहा गया की संगठन उम्मीद करती है कि आप सबों के नेतृत्व में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मजबूत एवं सशक्त बनेगी। मनोनीत पदाधिकारियों ने कहा की पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा सभी संप्रदाय के लोगों को संगठित कर जोड़ते हुए पार्टी हित में मजबूत करेंगे ताकि 2024 में राज्य में बदलाव लाया जा सके ।

## दशलक्षण महापर्व के सातवें दिन एवं आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की पूजा हुई

नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित पारसनाथ जिनालय में दशलक्षण महापर्व के सतवें दिन 14 सितम्बर को उत्तम तप धर्म एवं 15 सितम्बर को आठवें दिन उत्तम त्याग धर्म की विधि पूर्वक पूजा हुई । दशलक्षण महापर्व के सतवें दिन और आठवें दिन जलाभिषेक का सौभाग्य विनोद पहाड़िया,पंकज पहाड़िया,सैलेश सेठी,देवेंद्र गंगवाल,ललीत गंगवाल,हीरालाल पाटनी,राजेंद्र पाटनी,हरक चंद अजमेरा,विवेक अजमेरा नितिन पाटनी,हीरामणि देवी चुडिवक , मंगीलाल चूड़ीवाल,इंद्रमणि देवी चूड़िवाल,आशीष जैन,राजेंद्र चूड़ीवाल, जीवनमल पाटनी को प्राप्त हुआ । वहीं, शांतिधारा का सौभाग्य हीरालाल पाटनी,राजेंद्र पाटनी,आशीष जैन,जीवनमल पाटनी,जंबू पाटनी,हरक चंद अजमेरा ,विवेक अजमेरा को प्राप्त हुआ।



### उत्तम तप धर्म

आत्म शुद्धि के लिये इच्छाओं का रोकना तप है।
मानसिक इच्छायें साँसारिक बाहरी पदार्थों मैं चक्कर लगाया करती हैं अथवा शरीर के सुख साधनों में केन्द्रिय रहती हैं। अतः शरीर को प्रमादी न बनने देने के लिये बहिरंग तप किये जाते हैं और मन की वृत्ति आत्म-मुख करने के लिये अन्तरंग तपों का विधान किया गया है। दोनों प्रकार के तप आत्म शुद्धि के अमोध साधन हैं।

